# प्रत्येक जनप्रतिनिधि राष्ट्र की आशाओं और आकांक्षाओं का रक्षक है - लोकसभा अध्यक्ष बिरला

**मतभेद होने पर भी विधायिका के कामकाज में बाधा नहीं आने दे**
**दायित्वों का निर्वहन करने में प्रशिक्षण की है महत्वपूर्ण भूमिका - विधानसभा अध्यक्ष**
**विधानसभा को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे - मु यमंत्री**
**नए एमएलए रेस्ट हाउस के प्रस्ताव पर विचार करेगी राज्य सरकार**
**मु यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम में हुए स मिलित**

भोपाल । लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा है कि विधानमंडल गंभीर बहस और चर्चा के महत्वपूर्ण मंच हैं, मतभेद होने पर सभा के कामकाज में बाधा नहीं आने देनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना प्रत्येक विधायक का दायित्व है कि विधायी संस्थाओं के समय का उपयोग सार्थक रूप से जनता के कल्याण के लिए हो। विधान मंडलों में अनुशासन और शालीनता की कमी और सदस्यों के अमर्यादित आचरण से विधानमंडल की गरिमा कम होती है, जिससे लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रत्येक जनप्रतिनिधि राष्ट्र की आशाओं और आकांक्षाओं का रक्षक है। जनता अपने बेहतर भविष्य के लिए जनप्रतिनिधियों पर विश्वास करती है। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला, मध्यप्रदेश विधानसभा में विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना, मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार सहित




मंत्रीगण उपस्थित थे।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता से नवनिर्वाचित विधायकों को मिले जनादेश से उन्हें विशेष रूप से महिलाओं और कमजोर वर्गो की सामाजिक, आर्थिक प्रगति के लिए रचनात्मक प्रयास करने की जि मेदारी मिली है। विधायकों और जनप्रतिनिधियों के रूप में अपनी भूमिका के साथ पूर्ण न्याय करने के लिए विधायकगण को विधानसभा के नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी होना आवश्यक है। श्री बिरला ने संसद को पेपरलेस बनाने की दिशा में की गई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत की संसद डिजिटलीकरण में विश्व में अग्रणी है। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर को धन्यवाद दिया।

**विधायक अपनी बात रखते समय जोश तो दिखाएं, परंतु क्रोध को पूरी तरह नियंत्रण में रखें**

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने लोकसभा के प्रभावी संचालन से संसदीय पर परा को समृद्ध बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है, उन्हें लोक सभा में कई नए आयाम स्थापित करने का गौरव भी प्राप्त है। यह अपेक्षा है कि मध्यप्रदेश विधानसभा के गरिमावान सदस्यों से प्रदेश की विधानसभा की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ेगी। विधायकों के लिए आवश्यक है?कि अपनी बात रखते समय उनका जोश दिखे, परंतु क्रोध पूरी तरह से नियंत्रण में हो।

श्री तोमर ने कहा कि विधानसभा में अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त प्लेटफार्म उपलब्ध है। प्रबोधन और प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम विधायकगण को विधानसभा की नियमावली, पर पराओं, प्रचलित व्यवस्थाओं से परिचित कराने में प्रभावी सिद्ध होगा और यह कार्यक्रम विधायकों को पूरे कार्यकाल की लिए उपयोगी सिद्ध होगा। दायित्वों का निर्वहन करने और उत्कृष्ट जनप्रतिनिधि बनने में प्रशिक्षण का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने विधायकगण को अपनी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विषयों के साथ-साथ क्षेत्र और प्रदेश के स पूर्ण विकास से जुड़े मुद्दों को व्यापकता के परिप्रेक्ष्य में देखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री तोमर ने मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए ई-विधान प्रोजे ट स्वीकृत करने तथा विधायकों के आवास की व्यवस्था के लिए नया प्रोजे ट लेने का मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध?किया।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने सभी अतिथियों का अभिवादन और अभिनंदन करते हुए कहा कि विषय में रूचि उत्पन्न करना और विषय से एकाकार कराने का मार्ग प्रशस्त करना ही प्रबोधन का उद्देश्य है। उन्होंने व्याकरणाचार्य महर्षि पाणिनी का उद्धरण देते हुए कहा कि आशा है कि प्रबोधन कार्यक्रम के बाद विधानसभा विधायकगण का प्रशिक्षण भी आयोजित करेगी और विधानसभा के विभिन्न दायित्वों संबंधी कार्यप्रणाली से विधायकगण को अवगत कराएगी। विधायक साथियों को नए एमएलए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी राज्य सरकार विचार करेगी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विधानसभा को आधुनिक संसाधनों के साथ आगे बढ़ने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग और समर्थन प्रदान करेगी। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद भवन पर शीश झुकाकर लोकतंत्र के मंदिर के प्रति जो स मान प्रकट किया गया वह अनुकरणीय और अभिनंदनीय है। सांसद और विधायकगण अपने क्षेत्र की बड़ी जनसं या की आशाओं-अपेक्षाओं के साथ विधायिका में आते हैं। यहाँ विधानसभा के दायित्व के साथ-साथ अपने क्षेत्र और प्रदेश की बेहतरी की जि मेदारी भी हम पर होती है। विधानसभा में आने वाले सभी सदस्य देश और लोकतांत्रिक व्यवस्था को समृद्ध करने की भावना के साथ यहाँ आते हैं। विधानसभा का हर सत्र कुछ न कुछ नया सीखने और जीवन को नया आयाम देने का कार्य करता है। यह प्रबोधन सत्र सभी विधायकगण के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा, ऐसी मेरी कामना है।

**मध्यप्रदेश विधानसभा की पुस्तकों का हुआ विमोचन**

मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री ए.पी. सिंह ने समस्त अतिथिगण का स्वागत किया। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और भारत के संविधान की पुस्तक भेंट की। संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार, विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री ए.पी. सिंह तथा लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राईड) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में विधायकगण, संसदीय शिष्टाचार और आचरण, बजटीय प्रक्रियाएं और संसद/विधानमंडलों में वित्तीय कार्य, संसदीय विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों की सूचनाओं का महत्व और उपयोग तथा संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे।

# लाडली बहनों के खाते में डाली 8वीं किस्त, मु यमंत्री ने कहा जारी रहेगी योजना

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को पूर्व सीएम की तरफ लाड़ली बहनों पर प्यार लुटाया। उन्होंने 1.29 करोड़ बहनों के खाते में 1250-1250 रुपए की आठवीं किस्त जारी की। सीएम ने कुशाभाऊ ठाकरे कॉन्वेंशन सेंटर में लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल िलक के माध्यम से लाडली बहनों के खाते में 1576.61 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इस मौके पर सीएम ने कहा कि लाडली बहना योजना निरंत जारी रहेगी। योजना बंद नहीं होगी। इसके अलावा सीएम ने 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को पेंशन व आर्थिक सहायता के लिए 341 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मु यमंत्री ने कन्यापूजन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में मकर संक्रांति का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे त्यौहार को मनाने का तरीका और प्रकृति से



उसका संबंध एक अलग एहसा कराता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति खुली किताब की तरह है। यह दुनिया और मनुष्यता को समझने का मौका देती है। हमारी सभी व्रत, त्यौहार, पर्व और उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ हमारे सभी गुणों को दुनिया के सामने एक अलग रूप में लाते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि सरकार लाड़ली बहना योजना की राशि डाल रही है, लेकिन पता नहीं कांग्रेस के लोगों का पेट यो दुखता है। उन्होंने कहा कि जब आज राशि देते देख रहे तो कहते हैं कि अब दे दी, अगली बार नहीं देंगे। तुम उ मद में बैठे रहो, हम हर बार देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी कुछ दिया नहीं, लेकिन देने वालों पर उंगली उठाते है। मु यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि %अपने बाप का या जाता है, राम की चिड़िया राम के खेत खाओ मोरी चिड़िया भर-भर पेट। आपका है आपको ही दे रहे हैं।% मु यमंत्री ने प्रधानमंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी जी कहते है कि देश में केवल चार जातियां है। महिला, युवा, किसान और गरीब। वो कहते है कि वो करते हैं। वहीं, इस अवसर पर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना में कहा कि आज 10 तारीख है। बहनो के खाते में फिर 1250 रुपए आने वाले हैं। सभी बहनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। पूर्व सीएम ने कहा कि मेरे लिए सारी बहनें देवी का रूप हैं और महिला सशक्तिकरण मेरे जीवन का मिशन है। अब लाडली बहने, लखपति बहने बने इसके अभियान में मैं जुटूंगा। उन्होंने कहा कि हमारे मु यमंत्री मोहन यादव जी को उनकी पूरी टीम को धन्यवाद और बधाई देता हूं कि यह योजना निरंतर जारी रहेगी और मध्य प्रदेश में भाजपा पार्टी की सरकार मां, बहन और बेटी के जन कल्याण में जुटी रहेगी। मेरी सभी बहनों को एक बार फिर बहुत बहुत शुभकामनाएं।

महिला सशक्तिकरण सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया। मु यमंत्री ने महिलाओं को कंगन और मिठाई बांटी। इस कार्यक्रम को मकर संक्रांति उत्सव नाम दिया गया है। इसमें 15 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फेंडली ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का स मान किया जाएगा। बाल विवाह की सूचना देने वाली बालिकाओं को स मानित किया जाएगा। जिलों के बाल गृहों में बच्चों को पॉ सो अधिनियम की जानकारी प्रदान कर ÷गुड टच-बैड टच÷ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता और विशेषज्ञों और पुलिस साइबर सेल के माध्यम से साइबर सुरक्षा विषय पर शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक और बाघ ने तोड़ा दम

उमरिया। टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश में बीते दिन टाइगर की मौत की खबर आई थी. ये सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. एक बार फिर उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ की मौत हुई है. बाघ का शव मिलने के बाद पार्क प्रबंधन में हड़कंप मच गया है. बता दें कि पार्क प्रबंधन बाघ की मौत के बाद जांच में जुट गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की बाघ की मौत किस वजह से हुई है.



**यहां मिला शव**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर कोर परिक्षेत्र में बाघ का क्षत- विक्षत शव मिला है. शव 20 से 25 दिन पुराना बताया जा रहा है. बाघ का शव फेज फोर की गणना के दौरान ट्रैप कैमरा लगाते हुए बरामद किया गया. घटना की जानकारी के बाद प्रबंधन के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाघ की मौत के जांच में जुट गए हैं. बाघ के शव को लेकर प्रबंधन का दावा है कि बाघ की मौत आपसी लड़ाई की वजह से हुई है. हालांकि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ह मामला साफ हो पाएगा. लगातार हो रही बाघ की मौत के बाद लोग पार्क प्रबंधन पर सवाल खड़ा कर रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि साल भर के अंदर 15 बाघों की मौत हुई है.

**पहले भी हुई थी मौत**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगातार बाघों की मौत की खबर आती रहती है. बता दें कि बीते दिन पार्क के किला रोड के आरएफ 317 बीट शेषशैया के वनमार्ग में एक नर बाघ मृत अवस्था में पाया गया था. गस्ती दल से इसकी जानकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थी. बाघ के शरीर में कई जगह पर चोट के निशान पाए गए थे. जानकारों की मानें तो आपस में लड़ाई की वजह से बाघ की मौत हुई थी. बाघ के गले, कंधे और पीठ पर गहरे चोंट के निशान थे. ऐसे में एक बार फिर एक और बाघ की मौत चर्चा का विषय है.

# जनता के अति महत्व के मुद्दों को संसदीय प्रक्रिया के तहत सदन में उठायें

**पूर्व सांसद राज्य सभा श्री सुरेश पचौरी ने प्रबोधन कार्यक्रम को किया संबोधित**

भोपाल । पूर्व सांसद राज्य सभा श्री सुरेश पचौरी ने कहा है कि संसदीय प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होने पर हम जनता के अति महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य का मर्यादित व्यवहार उसकी पहचान को प्रभावशाली बनाता है। पूर्व सांसद श्री पचौरी आज भोपाल में मध्यप्रदेश विधानसभा में 16वीं विधानसभा के नव-निर्वाचित प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद थे।

पूर्व सांसद श्री पचौरी ने कहा कि निर्वाचित सदस्य पर आम जनता की उमीदे रहती हैं। इसके लिये सदस्यों का व्यवहार सदन में गरिमापूर्ण होना चाहिये। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का विश्वास हासिल कर सदस्य अधिक से अधिक जनहित के मुद्दे सदन में रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सदन में अपनी छवि को प्रभावशाली बनाने के लिये विषय पर गहन अध्ययन होना जरूरी है। उन्होंने सदस्यों को स्थगन, ध्यानाकर्षण और अविल ब लोक महत्व की सूचना के महत्व पर जानकारी दी।

पूर्व सांसद श्री पचौरी ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा संदर्भ और लायब्रेरी के मामले में देश में विशिष्ट पहचान रखती है। उन्होंने नये सदस्यों को पुरानी विधानसभा की कार्यवाहियों का भी अवलोकन निरंतर करते रहने की बात कही। श्री पचौरी ने उमीद जाहिर की कि विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के कार्यकाल में मध्यप्रदेश विधानसभा अपनी संसदीय प्रणाली के क्षेत्र में उच्च मापदण्ड स्थापित करेगी।

श्री पचौरी ने प्रबोधन कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के अनुभव की भी चर्चा की। श्री पचौरी ने कहा कि स्थगन और अविल ब लोक महत्व की सूचना प्रदेश में अति महत्वपूर्ण घटना के संदर्भ में दी जाती है। यह सूचना यदि सही प्रक्रिया के तहत विधानसभा सचिवालय में पहुँचती है, तो अध्यक्ष द्वारा इस पर चर्चा कराये जाने की अनुमति जरूर दी जाती है। उन्होंने सदन के नव-निर्वाचित सदस्यों को सदन की कार्यवाही में पूरी उपस्थिति के साथ मौजूद रहने की सलाह भी दी।

# नवीन शिक्षा नीति के ज़मीनी क्रियान्वयन हेतु योजना एवं निरीक्षण दोनों सशक्त करें- मंत्री सिंह

## स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने विभागीय समीक्षा की

भोपाल । स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नवीन शिक्षा नीति के ज़मीनी क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीक़े से प्रयास के साथ किए गए प्रयासों का सघन निरीक्षण महत्वपूर्ण है। विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करें, विभागीय वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से मैदानी निरीक्षण करें। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने आज मंत्रालय वल्लभ भवन में स्कूल शिक्षा विभाग की वृहद् समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों और



विभागीय संरचना की जानकारी तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि अधोसंरचना विकास एवं नवीन तकनीकी का प्रयोग किया जाना सराहनीय है, साथ ही यह आवश्यक है कि इन नवाचारों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने रख-रखाव अथवा अन्य कारणों से स्मार्ट लास के संचालन में अगर व्यवधान है, उसका ब्योरा तैयार करने के निर्देश दिये ताकि आवश्यक निदानात्मक कार्रवाई की जा सके।

स्कूल शिक्षा मंत्री को प्रदेश में विभागीय शैक्षणिक अधोसंरचना, साक्षरता परिदृश्य और प्रगतिरत तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी गयी। इनमें शालाओं का उन्नयन तथा विस्तार और विकास, शाला भवन निर्माण, शिक्षकों तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण, शालाओं में शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद, शाला की परीक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं, छात्रवृत्ति आदि का विवरण शामिल है।

**युवाओं को रोज़गार देने के प्रयास करें**

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिये कि सभी पात्र विद्यार्थियों को समय से छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाहियाँ पूर्ण करें। बच्चों को साइकिल प्रदाय योजना में राशि अंतरित करने की व्यवस्था की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभाग के अधोसंरचना विकास एवं शैक्षणेत्तर संचालन कार्यों में जहाँ भी संभावना हो वहाँ युवाओं को रोज़गार देने के प्रयास करें। विभाग के चतुर्थ श्रेणी के समस्त रिक्त पद जो अनुकंपा नियुक्ति से भरे जाने हैं, उनके लिए अन्य विभागों से भी माँग मंगायें ताकि रिक्तियों में भर्ती की कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खेल स मान से अलंकृत हुए मध्यप्रदेश के 3 खिलाड़ी, एक प्रशिक्षक

**राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने प्रदान किये अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार**

**खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई**

भोपाल । राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में मध्यप्रदेश की चार खेल प्रतिभाओं को स मानित किया। राष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश के शूटिंग खिलाड़ी श्री एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा-केनोइंग खिलाड़ी सुश्री प्राची यादव और महिला हॉकी खिलाड़ी सुश्री सुशीला चानू को अर्जुन पुरस्कार तथा हॉकी प्रशिक्षक श्री शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया।



खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश के लिये इन पलों को गौरवशाली बताते हुए चारों खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा कि चारों खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने पुरस्कृत खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पहली बार मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल स मान से अलंकृत किया गया। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ओलंपिक खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पेरा केनोइंग की सुश्री प्राची यादव और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी की पूर्व खिलाड़ी और वर्तमान में हॉकी इंडिया की स्टार प्लेयर सुश्री सुशीला चानू को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खेल पुरूस्कार अर्जुन अवार्ड से स मानित किया गया। साथ ही भारतीय हॉकी टीम के कोच श्री शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरूस्कार से स मानित किया गया।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार**

एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ङ्क राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शूटिंग में उनकी उपलब्धियों के लिए श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को अर्जुन पुरस्कार, 2023 प्रदान किया। श्री तोमर वर्ष 2023 में हांगझू, चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक औरएक कांस्य पदक, दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आयोजित 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक (व्यक्तिगत) और एक रजत पदक (पुरुष टीम) और बाकू, अजरबैजान में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक (पुरुष टीम) जीत चुके हैं।

प्राची यादव - राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पैरा कैनोइंग में उनकी उपलब्धियों के लिए सुश्री प्राची यादव को अर्जुन पुरस्कार, 2023 प्रदान किया। सुश्री यादव वर्ष 2023 में हांगझू, चीन में आयोजित चौथे पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक, समरकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित एशियाई पैरा कैनो चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक तथा वर्ष 2022 में पॉज़्नान, पोलैंड में आयोजित आईसीएफ पैरा कैनो विश्व कप में एक कांस्य पदक हासिल कर चुकी हैं।

सुशीला चानू - राष्?ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने हॉकी में उनकी उपलब्धियों के लिए सुश्री पुखरामबम सुशीला चानू को अर्जुन पुरस्कार, 2023 प्रदान किया। सुश्री चानू वर्ष 2023 में हांगझू, चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में एक कांस्य पदक, वर्ष 2022 में बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित 22वें राष्ट्रमंडल खेलों में एक कांस्य पदक और वालेंसिया, स्पेन में आयोजित एफआईएच नेशंस कप में एक स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

शिवेन्द्र सिंह - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हॉकी में उनकी उपलब्धियों के लिए श्री शिवेंद्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार, 2023 प्रदान किया। श्री सिंह वर्ष 2020 से सीनियर पुरुष टीम के कोच हैं और उन्होंने श्रीजेश परट्टू रवींद्रन, कृष्ण बहादुर पाठक, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय, सुमित और मनप्रीत सिंह सहित प्रमुख और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिलास्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में होगा आयोजित

सिवनी यशो:- 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को ÷युवा दिवस÷ के रूप में मनाया जाता है। इसी परिपेक्ष्य में सामूहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम के जिलास्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में कले ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी श्री एस एस कुमरे ने बताया कि 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यक्रम जिला योग प्रभारी श्री भवानी सिंह गहलोद के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भैरोगंज सिवनी में प्रात÷9 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा, साथ ही सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों/महाविद्यालयों सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा।

## शासकीय हाई स्कूल तिलक सिवनी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

सिवनी यशो:- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री विकास शर्मा के निर्देशन में शासकीय हाई स्कूल तिलक सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में श्री निमिष राजा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा उपस्थित विद्यार्थीगणों को नालसा अंतर्गत योजना मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना, संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य एवं शिक्षा का अधिकार, बाल अपराध के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

## कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन 12 जनवरी को

सिवनी यशो:- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने बताया कि महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार इंदौर द्वारा जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला निर्यात हब पहल के तहत 12 जनवरी 2024 को कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन सांई रेसिडेंसी पॉवर ग्रिड के समीप जबलपुर रोड सिवनी में किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने जिले के समस्त उद्योगपति तथा कृषक उत्पाद संघ जो अपने उत्पाद को निर्यात करना चाहते हैं, से अधिक से अधिक सं या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ कारीगर / शिल्पकार ले सकते है

सिवनी यशो:- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर 2023 को केंद्रीय पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य अपने हाथों और औजारों की मदद से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करना है। इस योजना में 18 व्यवसायों जैसे बढ़ई, नाव निर्माता; हथियार निर्माता; लौहार; हथौड़ा और टूल किट निर्माता; ताला बनाने वाला; सोनार; कु हार, मूर्तिकार (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला; मोथी/जूला कारीगर; राजमिस्त्री; टोकरी/चटाई झाडू निर्माता/कॉयर बुनकर; गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक); नाई, माला बनाने वाला; धोबी; दर्जी; और मछली पकड़ने का जाल निर्माण में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को नि नानुसार लाभ प्रदान करने की व्यवस्था की गई है÷पहचान÷पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान। कौशल उन्नयन÷ 500 रुपये प्रति दिन के वजीफे के साथ 5-7 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण और 15 दिनों या उससे अधिक का उन्नत प्रशिक्षण। टूलकिट प्रोत्साहनः बुनियादी कौशल प्रशिक्षण की शुरुआत में ई-वाउचर के रूप में 15,000 रु. रुपये तक का टूलकिट प्रोत्साहन। कर्ज सहायताः बिना कुछ गिरवी रखे %उद्यम विकास ऋण के रूप में तीन लाख रुपए तक का ऋण एक लाख और दो लाख रुपए के दो किश्तों में क्रमशः 18 महीने और 30 महीने की अवधि के लिए 5 प्रतिशत निर्धारित रियायती ब्याज दर पर भारत सरकार द्वारा 8 प्रतिशल की सीमा तक छूट के साथ प्रदान किया जाएगा। जिन लाभार्थियों ने बुनियादी प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, ये एक लाख रुपये तक की ऋण सहायता की पहली किश्त का लाभ उठाने के पात्र होंगे। दूसरी ऋण किश्त उन लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होगी जिन्होंने पहली किश्ल का लाभ उठाया है और एक मानक ऋण खाता बनाए रखा है और अपने व्यवसाय में डिजिटल लेनदेन को अपनाया है या उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहनः प्रत्येक डिजिटल भुगतान या रसीद के लिए प्रति डिजिटल लेनदेन एक रुपये की राशि के हिसाब से अधिकतम 100 लेनदेन मासिक तक लाभार्थी के खाते में जमा किया जाएगा। विपणन सहायताः मूल्य श्रृंखला से जुडाव में सुधार के लिए कारीगरों और शिल्पकारों को गुणवता प्रमाणन, ब्रांडिंग, जीईएम जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर मौजूदगी, विज्ञापन, प्रचार और अन्य विपणन गतिविधियों के रूप में विपणन सहायता प्रदान की जाएगी।

उपर्युक्त लाभों के अलावा, यह योजना लाभार्थियों को औपचारिक एमएसएमई परितंत्र में %उद्यमियों% के रूप में उदयम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर शामिल करेगी। लाभार्थियों का नामांकन पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के साथ सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। लाभार्थियों के नामांकन के बाद तीन चरणों में सत्यापन किया जाएगा जिसमें ग्राम पंचायत/यूएलबी स्तर पर सत्यापन, जिला कार्यान्वियन समिति द्वारा जांच और सिफारिश तथा स्क्रीनिंग समिति द्वारा अनुमोदन शामिल होगा।

अधिक जानकारी के लिए पीएम विश्वकर्मा के दिशानिर्देश pmvishwakarma.gov.in पर देखे जा सकते हैं। योजना के संबंधित किसी भी जानकारी के लिए, कारीगर और शिल्पकार 18002677777 पर कॉल कर सकते हैं या pm-vishwakarma@demsme.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं।

# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" से पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभांवित किया जा रहा

सिवनी यशो:- केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से स पूर्ण प्रदेश में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" संचालित की जा रही है। यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभांवित किया जा रहा है।

बुधवार 10 जनवरी 24 "विकसित भारत संकल्प यात्रा" बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सैला एवं मउ, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लकवाहा एवं दरवाई, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भुरकुण्डी एवं मठदेवरी, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घोटखेडा एवं भालीवाडा, केवलारी की ग्राम पंचायत छींदा एवं माल्हनवाडा, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं चिखली, लखनादौन की ग्राम पंचायत डोंगरगांव एवं सलैया तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पौंडी पहुंची।

गुरूवार 11 जनवरी 24 "विकसित भारत संकल्प यात्रा" बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोंडेगांव एवं घीसी, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पीपरढाना एवं तुलफरैयत, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पहाडी एवं कुडोपार, केवलारी की ग्राम पंचायत खुर्सीपारमाल एवं पुंगार, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रमली एवं पिपरिया, लखनादौन की ग्राम पंचायत सेलुआ एवं बा हनवाडा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पलारी पहुंचेगी।

## मु यमंत्री ने दी विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश वासियों को %विश्व हिंदी दिवस% की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया में जारी संदेश में कहा कि विश्व में भारत का सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली हिंदी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता की प्रतीक है। उन्होंने हिंदी के स मान को अक्षुण्ण बनाए रखने और इसके प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संकल्प लेने के लिए प्रदेशवासियों को प्रेरित किया।

## लाड़ली बहनों को मु यमंत्री डॉ यादव ने की रू.1576 करोड़ रूपये की राशि हस्तांरित

सिवनी यशो:- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल से मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.29 करोड़ बहनों को 1576 करोड़ एवं 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को ?341 करोड़ की पेंशन व आर्थिक सहायता का वर्चुअल माध्यम से अंतरण किया। इसी परिपेक्ष्य में जिलास्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका मानस भवन सिवनी में श्री आलोक दुबे के मु य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी सं या में लाभार्थी बहनों की उपस्थिति रही। साथ ही कले ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से कले टर श्री क्षितिज सिंघल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी श्री अभिजीत पचौरी, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री वीरेश सिंह बघेल, बाल संरक्षण अधिकारी श्री विकास दुबे उई सहित अन्य स बंधित अधिकारी एवं लाभार्थी हितग्राही उक्त कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुऐ कार्यक्रम को देखा व सुना गया।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी दावा-आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशो:- भारत निर्वाचन आयोग एवं मु य निर्वाचन पदाधिकरी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार 22 जनवरी 2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी आवेदन (दावे आपत्ति) लिए जाएंगे।दिनांक 13 एवं 20 जनवरी 2024 को उक्त संबंध में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन Voter Helpline App और voters.eci.gov.in इन के माध्यम से किया जा सकता है। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

# व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के सुनियोजित प्रयास करें

**स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने किया कैरियर एग्जीबिशन का शुभारंभ**





भोपाल । स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूली में पढ़ने वाले वाले बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के लिये नई शिक्षा नीति में बड़े बदलाव किये गये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह आज भोपाल के मॉडल स्कूल टीटी नगर में कैरियर एग्जीबीशन कम कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों को कक्षा 10 के बाद बेहतर विकल्प के रूप में कैरियर काउंसलिंग करने की अधिक जरूरत होती है। उन्हें उनकी क्षमता और रूचि के अनुरूप विकल्प बताना चाहिए। शिक्षकों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चर्चा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र ज्यादा संभावना का क्षेत्र है। कक्षा 11 और 12 में इस विषय को लेकर बच्चों को नई से नई तकनीक का ज्ञान देना चाहिए।

मॉडल स्कूल की प्रिंसीपल श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया कि यह स्कूल प्रदेश भर में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता के लिये अलग पहचान रखता है। स्कूल में वर्तमान में कक्षा 5 से कक्षा 12 तक करीब 2500 बच्चे अध्ययनरत हैं।

**कैरियर एग्जीबिशन**

विद्यालय की काउंसलर डॉ. शबनम खान ने बताया कि एग्जीबीशन में बच्चों को चार्ट, पोस्टर, प्रिंटेड मटेरियल एवं वीडियो प्रोजे ट के माध्यम से एक हजार से अधिक कैरियर विकल्पों की जानकारी एवं परामर्श दिया गया। एग्जीबीशन में मध्यप्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों की प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों ने अपने स्टॉल लगाकर व्यावसायिक पाठ्यक्रम की जानकारी दी। इसका विषय आत्मनिर्भर भारत रखा गया था।

**स्कूल का निरीक्षण**

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने स्कूल की स्मार्ट लास, साइंस लेब और लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को निरंतर स्वच्छता की आदत बनाने में शिक्षकों से आग्रह किया।

## अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर सतत जारी है कार्यवाही

सिवनी यशो:- कले टरक्षितिज सिंघल के आदेशों के आदेशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 18 दिस बर 2023 से 07 जनवरी 2024 तक वृत्त उत्तर में 24 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 9075/-रू. अनुमानित मूल्य की 118.16 ब.ली.मदिरा को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह दक्षिण में 37 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 145.26 ब.ली. मदिरा एवं 10000 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 1026045/-रू., वृत्त शहर में 30 प्रकरण पंजीबद्ध करने हुए 145.26 ब.ली. मदिरा एवं 1515 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 188216/-रू., वृत्त लखनादौन में 17 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 103.2 ब.ली. मदिरा एवं 270 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 51792/-रू. तथा वृत्त घंसौर में 18 प्रकरण पंजीबधद करते हुए 66.06 ब.ली. मदिरा एवं 240 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 40329/-रू. जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

## मकर संक्रांति उत्तरायण पुण्यकाल उत्सव मनेगा

**उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर में उत्सव का आयोजन 11 से 15 जनवरी तक**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 11 से 15 जनवरी के मध्य आधुनिक विज्ञान से जोड़कर मकर संक्रांति उत्तरायण पुण्यकाल उत्सव उज्जैन, ग्वालियर एवं भोपालमें मनाया जायेगा। मु यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने कार्यक्रम आयोजन संबंधी रूपरेखा तैयार कर निर्देश प्रसारित कर दिये हैं। आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा किया जा रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार उज्जैन में 11 से 15 जनवरी तक प्रतिदिन 150 विद्यार्थियों को वराहमिहीर खगोलीय वेधशाला ग्राम डोंगला, डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला में भ्रमण कराया जायेगा। विद्यार्थियों का चयन कले टर/जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाएगा। वैज्ञानिक युवा संवाद कार्यक्रम 15 जनवरी को शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में होगा।

भोपाल में सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद 11 से 15 जनवरी के बीच प्रतिदिन 300 विद्यार्थियों के लिये साइंस, टे नोलॉजी, इंजीनियरिंग एण्ड मेथमेटि स (एसटीईएम) शो तथा वैज्ञानिक युवा संवाद का आयोजन होगा। इसमें कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। विद्यार्थियों का चयन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

ग्वालियर में 11 से 15 जनवरी तक प्रतिदिन 50 विद्यार्थियों को तारामंडल का भ्रमण कराया जाएगा।

# मछुआ समिति के लिए हुआ मतदान संपन्न

**29 उ मीदवारों ने भरा था नामांकन-पत्र**
**13 जनवरी को होगा अध्यक्ष का चयन**



छपारा यशो:- सोमवार 8 जनवरी को नगर के बस स्टैंड के पीछे स्थित बैंनगंगा विपणन सहकारी समिति मर्या.के कार्यालय में आदर्श मछुआ सहकारी समिति मर्यादित छपारा के निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई।

बताया जाता है कि इस मतदान प्रक्रिया में 29 उ मीदवार के लिए 576 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

सोमवार को सुबह 11बजे मतदान करने पहुंचे लोगो ने मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही अपने मताधिकार का उपयोग किया, वही मतदान केन्द्र पर बड़ी सं या में मछूआ समिति के सदस्यों ने जागरूकता का परिचय देते हुए मतदान किया। समिति के 11 पदों के लिए 29 उ मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमें प्रत्येक मतदाता को उ मीदवारों की सूची में चयन कर वेलेट पेपर पर सील लगाकर सदस्यों का चुनाव करना था।

जगह की कमी और बड़ी सं या में पहुंचे मछुआ समिति के सदस्य मतदाताओं की वजह से काफी लंबे समय तक लाइन में लोग लगे रहे पूरी प्रक्रिया बैलेट पेपर से संपन्न होने के चलते थोड़ा समय जरूर लगा किंतु उक्त चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुए। वहीं रिटर्निंग अधिकारी मनीषा तराम से जानकारी मिली कि उक्त चुने हुए ग्यारह सदस्य ही 13जनवरी को समिति के अध्यक्ष का चुनाव करेंगे, उक्त चुनाव अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस बल की मौजूदगी में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई।

# जिला पंचायत वार्ड क्रं. 01 के उपचुनाव में कॉग्रेस समर्थित प्रत्याशी नितिन डहेरिया विजयी



सिवनी यशो:- जिला पंचायत सिवनी वार्ड क्रं. 01 के उपचुनाव में कॉग्रेस समर्थित प्रत्याशी जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष नितिन डहेरिया ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को 1673 मतो के अंतर से पराजित कर वार्ड क्रं 01 में पुनः कांग्रेस पार्टी की जीत का परचम लहराया। नितिन डहेरिया को प्रत्याशी घोषित करने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल की कुशल रणनीति एव कांग्रेस पदाधिकारी शिवराम सनोडिया, आनंद पंजवानी, घनश्याम सनोडिया, सूर्यनारायण सिंह बघेल, संतकुमार डहेरिया, राजमोहन सिंह बघेल, भीष्मप्रतापसिंह अप्पू ठाकुर, विपतलाल उइके, पंडित लोकेश शु ला, हरि जैसवाल, धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर, शक्ति सेंगर, उदय सिंह बघेल, नेमचंद जैन, हितेन्द्र प्रजापति, राजू सनोडिया, राजपाल बघेल, चंदनसिंह ठाकुर, जीयन कुंजाम, लोकेश ठाकुर, रघुनंदन सिंह ठाकुर, देवीसिंह चन्द्रवंशी, राजू डहेरिया, अंबिका साहू, आजम खान, गिरधारी बंजारा, जय गजभिये, मुजीम भाई, सुरेश सनोडिया, धनलाल गज्जाम, सुंदर काका, अमित बघेल, सुरेन्द्र पटेल, लोकेश जंघेला, धर्मेन्द्र साहू, रवि बंजारा, सुरेश सनोडिया, पूनाराम बंजारा, संदीप साहू, संतोष ठाकुर, लोकेश ठाकुर, श्याम जंघेला, धर्मेन्द्र जंघेला, श्याम जंघेला, शुभम डहेरिया, राहुल बघेल, नीरज बघेल, ईमानसिंह बघेल, प्रदीप बघेल, जयअ बे बघेल, जगन्नाथ सनोडिया, नंदकिशोर सनोडिया, महेश सनोडिया, गोधन सनोडिया, बालमुकुंद बघेल, मनोज तिवारी, केशरी दाहिया, तुलाराम रजक, उमेश सनोडिया, कामता सनोडिया, खेमकरण सनोडिया, सुरेश बघेल, यशवंत ठाकुर, गणेश सनोडिया, अंकित मोनू ठाकुर, सतीश ठाकुर, जयंत डहेरिया, बीजेनाथ, सुनील सनोडिया, प्रयाग डहेरिया, सतेन्द्र बघेल, सुरेन्द्र बघेल, रवि सनोडिया, रघुनाथ बघेल, नितेश साहू सहित ब्लाक, मंडलम, से टर, बूथ बीएलए सहित सभी कांग्रेस जनों ने पार्टी समर्थित प्रत्याशी नितिन डहेरिया को चुनाव जीताने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला पंचायत वार्ड क्रं 01 के उपचुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी नितिन डहेरिया को विजयश्री दिलाने पर क्षेत्र के समस्त मतदाताओं एवं कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त है।

# भागवत कथा के पहले दिन बताया कथा का महत्व



**बैनगंगा नदी तट पर बह धर्म रूपी गंगा**

छपारा यशो:- बैनगंगा नदी तट पर 8जनवरी से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक कन्हैया महाराज ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार राजा परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। आगे कन्हैया महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है।

वही मंगलवार सुबह खराब मौसम के चलते नदी तट के आसपास घना कोहरा सुबह 10 बजे तक छाया रहा जिसके कारण सुबह रुद्री निर्माण और अभिषेक नही हो पाया। ज्ञात हो कि लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेंपल के मैदान में जारी उक्त भागवत कथा का विशेष आकर्षण वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा कृष्ण लीलाओ का आकर्षक प्रदर्शन किया जा रहा है जिसको देखकर दर्शक भी मंत्र मुग्ध हो गए।इस मौके मुकेश कुमार, श्याम बाबा, विजय कुमार, मनमोहन,जुगलकिशोर, भइया राम सहित बड़ी सं या में नगर वासी मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय रोजगार मेला 12 जनवरी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में

सिवनी यशोः- कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शासकीय स?नातकोत?तर महाविद्यालय और जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयु ?त तत्वाधान में शुक्रवार 12 जनवरी 2024 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जाना है। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एँ सकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

18 वर्ष से 35 वर्ष आयु सीमा के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# नमो ऐप के माध्यम से बने विकसित भारत के ब्रांड ए बेसडर - भीष्म द्विवेदी

**राष्ट्र हित में युवा वर्ग अपना योगदान प्रदान करें।**

मंडला यशोः- देश के लोकप्रिय नेता भारत के जन नायक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आप सभी से नमो ऐप पर विकसित भारत एंबेसडर मॉड्यूल में प्रभावी कार्य करने की 100 दिन की चुनौती को स्वीकार करने का आग्रह किया है। आप विकसित भारत के ब्रांड ए बेसडर बन सकते है।

विकसित भारत का एंबेसडर बनना, शक्तियों को संयोजित करने, विकास के एजेंडे का प्रसार करने और विकसित भारत के हमारे मिशन को पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करने का एक आदर्श तरीका है।

भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने जिले के युवा वर्ग से आग्रह किया कि इस ओजस्वी अभियान में अपनी सकारात्मक ऊर्जा का उपयोग कर ब्रांड ए बेसडर बने ताकि आपके साथ जिले का गौरव बढ़ेगा ,इस अभियान से जुड़ना चाहते है तो सबसे पहले आपको नमो ऐप को डाऊनलोड कर इंस्टाल करना होगा यह पूरी प्रक्रिया निशुल्क है। प्रतिभा का उपयोग करके आप इस अभियान के माध्यम से जन मानस की मदद कर सकते है। आप सभी की ताकत से दुनिया को दिखाना है कि लोगों द्वारा संचालित विकासे या होता है!भाजपा सरकार आम जन की सरकार है। यहाँ सबका साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास से कठिन से कठिन लक्ष्य आसानी से हासिल किया जाता है। एक एक व्यक्ति की चिंता करना सबके हितों को ध्यान में रखकर योजना बनाना, उसका सफल क्रियान्वयन करना हमारी सरकार की नीति नियत का जीवांत प्रमाण है। अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक संकल्प के साथ विकसित भारत यात्रा के माध्यम से हम पहुच रहे है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करके गरीब कल्याण का कार्य किया जा रहा है। मोदी की गारंटी यानी पूरी होने की गारंटी। हमें सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगो को जागरूक करना है। सरकार की योजनाओ के बारे में आमजन को बताना है। साथ ही सरकार की योजनाओ से लाभान्वित हो चुके हितग्राहियो के साथ सेल्फी लेकर नमो ऐप में अपलोड करना ये कार्य बेहद आसान है सिर्फ जरूरत है दृढ़ इच्छाशक्ति की। इन कार्यो से आप अपना नाम रोशन कर सकते है आपके महत्वपूर्ण कार्यो से पूरे मंडला का नाम रोशन होगा।विकसित भारत संकल्प यात्रा% के माध्यम से सरकार की योजनाओं को कैंप लगाकर, जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। सभी नागरिकों और युवाओं से अपील है कि सहड्डुरूश्च श्च्श्च डाउनलोड करें और विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनकर सीधे प्रधानमंत्री श्री मोदी से जुड़ें।विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है- कोई भी हकदार, सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

वंचित लोगों तक पहुंचना भाजपा सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है। हममें से हर कोई विकसित भारत बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों में अभिन्न योगदान दे रहा है। विकसित भारत हेतु हम सभी कार्यरत है। विकसित भारत का एंबेसडर बनना, हमारी शक्तियों को संयोजित करने, विकास के एजेंडे का प्रसार करने और भारत को एक विकसित राष्ट बनाने के हमारे मिशन को पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करने का एक आदर्श तरीका है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं।इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है।समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है।विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है।

सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है।आइए हम नमो ऐप पर साइन अप करके और विकसित भारत एंबेसडर मॉड्यूल में अत्यधिक प्रभावी कार्यों को करने की 100 दिन की चुनौती को स्वीकार करके इस जन आंदोलन में शामिल हों। जीवन के सभी क्षेत्रों के कुछ सबसे ऊर्जावान और प्रतिभाशाली एंबेसडरों से आदरणीय प्रधानमंत्री जी संवाद भी करेंगे। अतः इस महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी मिशन में शामिल होकर आप भी इस स्वर्णिम अवसर का लाभ अवश्य ले। जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि नमो ऐप की मॉनिटरिंग और सीधे देख रेख पीएमओ करता है, नमो एप में अपलोड किए गए विषय ज्वलंत मुद्दे भारत के विकास में सहायक एजेंडे और जन समस्याओं का निराकरण भी तत्काल होता है मंडला जिले से समस्त जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं आम युवा साथी इस नमो ऐप के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं ।

## 14 बैगाओं के आधार कार्ड, 18 का आयुष्मान पंजीयन पीएम जनमन अभियान के तहत 8 स्थानों पर लगे शिविर

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। 9 जनवरी को जिले के 8 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार आज बिछिया के मेढ़ाताल, बीजाडांडी के बरगांव, घुघरी के चलनी, मवई के भिमौरी वनग्राम तथा जामगांव, मोहगांव के देवगांव एवं गिठार मलपहरी तथा निवास के जिलहटी ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविर में 14 बैगाओं के आधार कार्ड, 18 के आयुष्मान पंजीयन, 7 के जाति प्रमाण पत्र तथा 5 बैगा को पात्रता पर्ची प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मु यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक स्वरोजगार योजना हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक वर्ग के युवा-युवतियों को स्वमं का रोजगार स्थापित करने हेतू शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग की संचालित स्वरोजगार योजना में 10 हजार से 01 लाख तक के ऋण का लाभ दिया जाना है, हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने हेतु विभाग द्वारा प्रकरण तैयार किये जाने है। इस योजना मे हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए योग्यता का बंधन नही है, योजना का लाभ लेने हेतु संबंधित युवा-युवतियों की उम्र 18 से 55 के बीच होना चाहिए एवं आयकर दाता न हो । हितग्राहियों को इकाई लागत का 03 प्रतिशत ब्याज अनुदान की सुविधा दी जायेगी एवं सीजीटी-एमएसई (क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फॉर माइक्रो एण्ड स्माल एंटरप्राइजेस) योजनान्तर्गत देय गारंटी सेवा शुल्क की राशि की प्रतिपूर्ति, 7 वर्षों तक राज्य शासन द्वारा की जायेगी। आवेदक द्वारा एम0पी0 आनलाईन के Samast Portal के माध्यम से आवेदन पत्र आनलाईन किये जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग सिवनी से संपर्क कर सकते हैं । इस योजना मे हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए योग्यता का बंधन नही है।

## अत्याधुनिक 4 डी सोनोग्राफी एवं कलर डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ



छपारा यशोः-अब छपरा नगर में अत्याधुनिक 4 डी सोनोग्राफी एवं कलर डाप्लर सेंटर का शुभ 9 फरवरी को स्वास्थ्य केंद्र छपारा के सामने गायत्री मंदिर के पास डॉ हरी प्रकाश पटेरिया जी के निवास पर मु य चिकित्सा एवं उपस्थिति में शुभारंभ किया गया केंद्र का संचालन डॉ टर पारस पटेरिया एवं डॉ टर शिवानी पटेरिया द्वारा किया जाएगा छपारा नगर के नागरिक सोनोग्राफी एवं डायग्नोस्टिक के लिए छपारा से 35 किलोमीटर दूर सिवानी जाना पड़ता था परंतु अब अत्याधुनिक मशीनो के द्वारा छपारा में ही यह व्यवस्था उपलब्ध हो गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: कार्यक्रम में किया गया हितलाभों का वितरण

मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा 9 जनवरी 2024 को बिछिया के माधोपुर एवं हर्राभाट नएगांव, घुघरी के डूंडी एवं उमरिया, मवई के मड़फा माल एवं मोहगांव रैयत, नैनपुर के बीजेगांव एवं भरबेली, नारायणगंज के चकदेही एवं कापा, निवास के मनेरी एवं पोंड़ी तथा मंडला के पीपरपानी एवं पुरवा पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 100 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं



मंडला यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 100 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

स पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम तबलपानी के बसंती कु हरे ने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी, ग्राम देवरी निवासी राजकुमार झारिया ने आंगनवाड़ी भवन निर्माण, खिन्हा निवासी बिरझू ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, खारी निवासी शिवप्रसाद नागवंशी ने ऑनलाईन खसरा ने शा अपडेट करने, चंगरिया निवास चमरूलाल भारतीया ने आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने, ग्राम ठरका निवासी रामफल नंदा एवं सिंहवाहिनी वार्ड मंडला के सतीश तिवारी ने अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

## वैश्य महास मेलन की बैठक 12 को

मंडला यशोः- वैश्य महास मेलन में 19 जनवरी को आजीवन सदस्यों का महास मलेन आयोजित किया जा रहा है जिसमे प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता का आगमन होने जा रहा है। जिसके संबंध में 12 जनवरी को बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिले के पदाधिकारी जन की विशेष बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस बैठक में संदेश जैन, रामजी अग्रवाल जबलपुर उपस्थित रहेंगे। बैठक को लेकर तैयारियां की जा रही है इस बैठक में वैश्य महास मेलन के पदाधिकारी सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शतप्रतिशत बैगाओं को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करेगा प्रधानमंत्री जनमन अभियान - डॉ. सिडाना

**कलेक्टर ने दी बैगा समुदाय के प्रतिनिधियों को जानकारी**

मंडला यशोः- बैगा समाज के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत शतप्रतिशत बैगा को 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केन्द्रित भारत सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जिले के सभी 410 बैगा ग्रामों में सर्वे के माध्यम से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाकर उन्हें भारत सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।




कलेक्टर ने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का आधार कार्ड तथा जाति प्रमाण पत्र होना जरूरी है। ग्राम स्तर पर आयोजित शिविरों में इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार 5 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार के लिए प्रत्येक बैगाओं का आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने पात्रता पर्ची, प्रधानमंत्री किसान, वन अधिकारी पट्टा, बैंक खाता, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के संबंध में भी की जा रही कार्यवाहियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सिडाना ने सिकलसेल, एनीमिया के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उपस्थित बैगा समाज के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे बैगाओं को सिकल सेल, एनीमिया की जांच के लिए प्रेरित करें। बैठक में कलेक्टर ने बैगा समुदाय के प्रतिनिधियों से हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अधोसंरचना विकास के संबंध में सुझाव भी प्राप्त किए तथा बैगा समाज के प्रतिनिधियों को भारत सरकार की योजनाओं से संबंधित ब्रोसर का भी वितरण किया।

**590 किलोमीटर की सड़क प्रस्तावित**

बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि जिले के सभी बैगा बस्तियों में अधोसंरचना संबंधी कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत किए गए सर्वे के आधार पर बैगा बस्तियों को मु य मार्ग से जोड़ने के लिए कुल 590 कि.मी. की सड़क प्रस्तावित की गई है, जिनकी स्वीकृतियां क्रमशः प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि हर घर तक बिजली उपलब्ध कराने के लिए आवश्यकतानुसार लाइन का विस्तारीकरण तथा नए ट्रांसफॉर्मर लगाने की कार्यवाही की जा रही है। हर घर को नल से जोड़ने के लिए प्रत्येक ग्रामों को जल जीवन मिशन से जोड़ा जा रहा है। बैगा बस्तियों में 105 आंगनवाड़ी के प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनमें से 14 की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा, कौशल विकास, मोबाइल मेडीकल यूनिट, सबको पोषण, मु त राशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण आहार, सुरक्षित मातृत्व अभियान, टीकाकरण, टीबी उन्मूलन, मध्यान्ह भोजन एवं सुकन्या समृद्धि योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

**महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य**

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत बैगा बसाहटों में व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक बैगा महिलाओं को स्व सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। उन्हें आवश्यकतानुसार व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना तैयार की गई है। सभी बैगा ग्रामों में नेटवर्क उपलब्ध कराने हेतु 33 मोबाइल टावर प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने भीमडोंगरी में खोले जा रहे प्रशिक्षण केन्द्र के संबंध में भी जानकारी दी।

# पॉलीथिन एवं डिस्पोजल पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध

## उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा आयोजन को लेकर हुई बैठक

मंडला यशोः- वर्ष 2024 में नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा का सामूहिक आयोजन 02 मर्तबा किये जाने का निर्णय लिया गया है इसके पीछे एक बड़ा कारण यह है कि यह परिक्रमा सिर्फ चैत्र माह में ही की जाती है और इस परिक्रमा में महाराष्ट्र के नर्मदा भक्तों की सं या अधिक होती है चूंकि महाराष्ट्र के हिन्दी माह हिन्दू प्रदेशों के हिन्दी माह से 15 दिन बाद प्रारंभ माने जाते हैं इसीलिये जब प्रदेश का चैत्र माह समाप्त हो जायेगा तो उसके 15 दिन बाद भी परिक्रमा का क्रम जारी रहेगा जिसमें महाराष्ट्र के वासियों को पूर्ण रूप से अवसर मिल सकेगा और इसी कालखण्ड में दूसरी सामूहिक परिक्रमा रखी गई है जिसमें स्थानीय नर्मदा भक्तों के अलावा महाराष्ट्र के नर्मदा भक्त भी बड़ी सं या में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष सामूहिक परिक्रमा का आयोजन समिति द्वारा एक ही समय किया गया था अब यह आयोजन सभी की सहमति से 02 बार किया जा रहा है पहली सामूहिक परिक्रमा 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रात~प्रारंभ होगी और 21 अप्रैल 2024 को संपन्न होगी। दूसरी सामूहिक परिक्रमा 04 मई को प्रारंभ होकर 05 मई को संपन्न होगी। जनपद सभागार में हुई बैठक शुक्रवार 05 जनवरी को माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति सदस्यों के अलावा अन्य गणमान्यजन तथा नर्मदा भक्त एवं समाजसेवी उपस्थित रहे इनमें प्रकाश दीक्षित, नरेश कछवाहा, अखिलेश कछवाहा, संतोष सोनू भलावी, अभिनव चौरसिया, श्याम श्रीवास, श्रीमती रेणुका परमार, श्रीमती तृप्ति शु ला, सुधीर कांसकार, मुकेश सोनी, वैशाखू नंदा, निकेश्वर पटेल, ओमप्रकाश धामेजा, डॉ टर गजेंद्र गुप्ता, योगेन्द्र परमार, गुड्डा अग्रवाल, सोनल बर्मन, बैशाखू नंदा आदि शामिल थे। बैठक में विशेष रूप से परिक्रमा पथ को लेकर व्यापक चर्चा की गई फोकस इस बात को लेकर किया गया कि परिक्रमा ज्यादा से ज्यादा माँ नर्मदा के तट के समीप से हो ताकि परिक्रमा के दौरान माँ नर्मदा के दर्शन परिक्रमावासियों को होते रहें। परिक्रमा के दूसरे दिन जब तट परिवर्तन के पश्चात बबैहा से मण्डला परिक्रमा यात्रा आती है तो मु य मार्ग से आना पड़ता है जो व्यवहारिक रूप से एक कठिन अनुभव है चूंकि दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही इस मार्ग से होती है एवं अप्रैल तथा मई माह में गर्मी भी अधिक होती है लिहाजा पैदल चलना ऐसे मार्गो पर दुष्कर होता है लिहाजा नर्मदा जी के किनारे-किनारे वैकल्पिक मार्ग तलाशने का प्रयास भी जारी है। परिक्रमा आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया और इनके प्रभारी भी अलग-अलग नियुक्त किये गये हैं जिन समितियों का गठन किया गया उनमें आवास समिति, परिवहन, स्वच्छता, संत स पर्क, धन संग्रह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोजन एवं अल्पहार तथा झांकी निर्माण शामिल हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस बार परिक्रमा में शामिल होने वालों की सं या अत्याधिक होगी लिहाजा स्वच्छता को मद्देंनजर रखते हुये पॉलीथिन एवं डिस्पोजल पर पूर्णत~ प्रतिबंध लगाया गया है।



## एसबीआई ने दिए जरूरतमंदो को गर्म कपड़े

मंडला यशोः- भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत 6 जनवरी को बैगा-बैगी जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत बनियातारा एवं नर्मदा रपटा घाट व बस स्टैंड में महिलाएं बुजुर्गों जरुरतमंदों एवं निराश्रितो को ठण्ड से बचाव हेतु क बल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बनियातारा के सरपंच सचिव ग्रामीण व भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार, मु य प्रबंधक जनार्धन लाल, मु य प्रबंधक मुकेश सोनी, प्रणव शु ला, सपन चक्रवर्ती, मोहित, अभिषेक सिन्हा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक जहां अपने ग्राहकों को अच्छी सेवा उपलब्ध कराती है। तो वहीं दूसरी ओर सामाजिक सेवा बैकिंग के अंतर्गत जरूरत मंदों की मदद भी करती है। समय-समय पर एसबीआई द्वारा समाज हित के कार्य किए जाते हैं इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम पंचायत बनियातारा के साथ बस स्टैंड और रपटा घाट में गुजर बसर करने वाले लोगों को गर्म कपड़े दिए गए। इन दिनों भीषण ठंड से हर कोई परेशान है ऐसे में गर्म कपड़े जरूमंदों के लिए संजीवनी का काम करेंगी। वहीं इस दौरान चरणपादुका भी वितरण की गई। वहीं लाभ मिलने वाले जरूरतमंदो ने कहा कि वे भारतीय स्टेंट बैंक का आभार व्यक्त करते हैं।




दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297